न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फुलियाकंला जिला भीलवाड़ा (राज.)

प्रकरण संख्या – 11/2021

पीठासीन अधिकारी – अमित कुमार वर्मा (आर.ए.एस.)

अनवान

1 कल्याण पिता सोजीराम दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
2 मानसिंह पिता सोजीराम दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
3 लक्ष्मण सिंह पिता रामसिंह दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
4 शंकर पिता सोजीराम दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
5 सांवरा सिंह पिता रामसिंह दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

———————(प्रार्थीगण)

बनाम

1 अमरचन्द पिता गोकल गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा, अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
2 बागा पिता पांचू गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा, अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
3 प्रहलाद पिता पांचू गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा, अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
4 सोजीराम पिता गोकल गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सरदारपुरा, अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
5 विजयसिंह पिता गंगाराम दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
6 रामचन्द्र पिता भूरा दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
7 कल्याण सिंह पिता शिवजीराम दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
8 गोपाल पिता लादु दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.
9 तहसीलदार (भूमिधारी) फुलियाकलां जिला भीलवाडा

————(अप्रार्थीगण)

उपस्थित–

प्रार्थी अधिवक्ता– श्री विजय पाराशर

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 बाबत कराने पत्थरगढ़ी आराजीयात

निर्णय

दिनांक – 24.03.2021

प्रार्थीगण की ओर से एक प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 इस न्यायालय मे दिनांक 18.01.2021 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके **ग्राम सांगरिया पटवार मण्डल सांगरिया भू.अ.नि. धनोप तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 810 के **आ.न. 1459, 1460, 1475 किता 3 रकबा 0.61 हैक्ट. भूमि रकबा 0.95 हैक्टयर, खाता संख्या 809 के आराजी संख्या 1451, 1452, 1464 किता 3** स्थित हैं। उक्त वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी हैं। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य आराजीयात के सीमा चिह्न नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता हैं। जिससे कि प्रार्थीगण अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराना चाहता हैं। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थनापत्र इस न्यायालय मे दिनांक 19.01.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों को वजह जाहिर करने हेतु नोटिस जारी किये गये। विपक्षीगणों को जारी नोटिस बाद तामील रिकार्ड पर उपलब्ध है। किन्तु सूचित होने के उपरान्त भी विपक्षीगण नियत सुनवाई दिनांक 04.03.2021 पर वास्ते अपना पक्ष रखने, हाजिर नही होने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये गये। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता प्रार्थीया को सुना गया। प्रस्तुत बहस प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य प्रमाणित हैं कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते की कृषि भूमि हैं और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से खातेदार अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का हकदार हैं। अतः प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण न्याय हित में स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amit Kumar Verma
Date: 2021.03.31 16:33:16 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
फूलियाकलां (भीलवाड़ा) राज.

Scanned with CamScanner

आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार किया जाकर वाके **ग्राम सांगरिया पटवार मण्डल सांगरिया भू.अ.नि. धनोप तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 810 के **आ.न. 1459, 1460, 1475 किता 3 रकबा 0.95 हैक्टयर, खाता संख्या 809 के आराजी संख्या 1451, 1452, 1464 किता 3 रकबा 0.61 हैक्ट.** भूमि की पत्थरगढ़ी बसामलात पक्षकारान की जाने का आदेश पारित किया जाता है। उक्त आदेश की पालना के लिए भू–अभिलेख निरीक्षक धनोप को नियमानुसार फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण द्वारा अदा की जायेगी। भू–अभिलेख निरीक्षक पत्थरगढ़ी से न्यूनतम तीन दिन पूर्व सभी पड़ौसियान को उपरोक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी हेतु लिखित सूचना पत्र से समय एवं तिथि बाबत् सूचित करेंगे। मौके पर विवाद होने, किसी अन्य न्यायालय से आराजीयात पर स्थगन होने की दशा में तथा मौके पर खड़ी फसल होने की स्थिति में पत्थरगढ़ी नहीं की जावें। पक्षकारान उभयपक्ष की मौजूदगी में ही पत्थरगढी की जावें। मुस्तकीन बिन्दू को आधार मानकर पत्थरगढ़ी किए जाने का आदेश प्रदान किया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार फुलियाकंला को भिजवाई जावे। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

यह आदेश आज दिनांक 24.03.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अमित कुमार वर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,
फुलियाकंला, जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
फूलियाकलाँ (भीलवाड़ा) राज.

Signature Not Verified

Digitally signed by Amit Kumar Verma
Date: 2021.03.31 16:32:16 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner